बरेली, शुक्रवार
17 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

बेदी इंटरनेशनल ने JBS को 87 रनों से हराया

मैच खेलने से आदर्श निकेतन का इन्कार, नेशनल पब्लिक स्कूल को मिला वॉकओवर

मैच शुरू होने से पहले मैदान में लाइनअप दोनों टीमों के प्लेयर्स . .

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के दूसरे दिन ग्रुप-ए में नेशनल पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच और ग्रुप-सी में बेदी इंटरनेशनल स्कूल और जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के बीच मैच खेला गया.दूसरे ओवर में 11 रन पर चार खिलाड़ी आउट होने पर आदर्श निकेतन इंटर कालेज की टीम ने खेल जारी रखने से मना कर दिया और प्रतियोगिता से हट गई.इससे नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम को वाकओवर के साथ दो अंक दे दिए गए.दूसरे मैच में बेदी इंटरनेशनल स्कूल ने जिंगल बेल्स स्कूल को 87 रनों से हराया.बेदी इंटरनेशनल के विशाल को मैन आफ द मैच चुना गया.एसआरएमएस स्टेडियम में तीसरा मैच ग्रुप-ए की टीम नेशनल पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच हुआ. इसमें आदर्श निकेतन के कप्तान सूरज पाल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया.हालांकि पहली ही गेंद पर सूरज पाल को अरुण यादव ने एलबीडब्ल्यू कर आउट कर दिया. इसी ओवर में आदर्श निकेतन का दूसरा विकेट गिरा.अगले ओवर में फिर दो खिलाड़ी आउट हो गए. इस पर आदर्श निकेतन के प्लेयर्स ने खेल जारी रखने से मना कर दिया और लौट गए. आयोजन समिति सचिव डा. शोभित सक्सेना ने प्लेयर्स को समझाया पर वह नहीं माने. इसके बाद एनपीएस की टीम को वाक ओवर दिए जाने की घोषणा की गई.

बेदी इंटरनेशनल ने टास जीतकर की पहले बल्लेबाजी

टूर्नामेंट का तीसरा मैच ग्रुप-सी की टीमों बेदी इंटरनेशनल स्कूल और जिंगल बेल्स पब्लिक (जेबीपीएस) स्कूल के बीच दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ .बेदी इंटरनेशनल के कप्तान नुरुल अजीज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया .उनके इस फैसले को बल्लेबाजों ने सही साबित किया और निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए .इसमें विशाल (102 रन, 59 गेंद, 16 चौके) और कप्तान नुरुल अजीज (49 रन, 35 गेंद, छह चौके) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया .दोनों अविजित रहे .जीत के लिए 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेबीपीएस की टीम 14 .2 ओवर में 129 रन बनाकर पवेलियन लौट गई .बेदी इंटरनेशनल ने 87 रनों से जीत दर्ज की .जेबीपीएस की ओर से कप्तान वैदिक बग्गा (20 रन, 22 गेंद, एक चौका, एक छक्का), अनुज पटेल (13 रन, नौ गेंद, तीन चौके) और ऋतिक यादव (48 रन, 32 गेंद, नौ चौके) ही दहाई के अंक तक पहुंच सके .